**विधान परिषद के द्‌वितीय सत्र, 2023 के प्रथम गुरूवार के लिए निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्‌वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-1 का उत्तर**

| | | |
|---|---|---|
| 1(क) | क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि एस0जी0पी0जी0 आई0 लखनऊ व प्रदेश के अन्य बड़े सरकारी अस्पतालों में आज भी गंभीर रोग से पीड़ित मरीज भर्ती न होने के कारण इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे है? | जी नहीं।<br>एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ व प्रदेश के अन्य बड़े सरकारी अस्पतालों में गम्भीर रूप से पीड़ित तथा आकस्मिकता की स्थिति में मरीजों का त्वरित उपचार किया जाता है, इसके पश्चात संबंधित मरीज को अग्रेतर उपचार हेतु संबंधित यूनिटों / वार्डो में भर्ती किया जाता है। |
| (ख) | यदि हाँ, तो क्या दूर-दराज से आने वाले मरीजों को अनिवार्य रूप से भर्ती किये जाने की कोई कार्य योजना बनायेंगे? | उपर्युक्तानुसार । |
| (ग) | यदि नहीं, तो क्या दूर-दराज से आने वाले मरीजों को अस्पताल में भर्ती न करने की दशा में अस्पताल के अतिरिक्त कहीं पर शिकायत हेतु कोई हेल्पलाइन नं0 जारी किया गया है जिस पर शिकायत करने के पश्चात उनको तत्काल भर्ती कर गंभीर मरीजों को वेंटिलेटर इत्यादि की सुविधा उपलब्ध करा दी जाये ? | मरीजों की सुविधा के लिये चिकित्सा संस्थानों की वेवसाइट पर हेल्पलाइन नं0 जारी किये गये हैं, जिनका उपयोग कर मरीज लाभान्वित हो रहे हैं, जिसमें ओ0पी0डी0 रजिस्ट्रेशन से लेकर चिकित्सकों द्‌वारा मरीजों के उपचार की प्रक्रिया शामिल है। |
| (घ) | क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ? | उपर्युक्तानुसार । |
| (ड़) | यदि नहीं तो क्यों ? | उपर्युक्तानुसार । |

**ब्रजेश पाठक**

**उप मुख्यमंत्री।**